# University in News on 19 April 2022

## i-NEXT PAGE 4

### वीसी केयर फंड के लिए आ गया फॉर्म

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (18 Apr): आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हर छात्र को 50 हजार रुपए तक की मदद मुहैया कराने के मकसद से लखनऊ यूनिवर्सिटी ने वीसी केयर फंड की शुरुआत की है और इसके लिए आवेदन फार्म जारी कर दिए हैं. स्टूडेंट्स को यह फॉर्म भरकर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ऑफिस में जमा करना है.

**वेबसाइट से डाउनलोड करें**

डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि आवेदन फॉर्म यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा. फॉर्म भरकर अपने डीन व हेड के माध्यम से फारवर्ड करवाना होगा. इसके बाद आवेदन फॉर्म को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ऑफिस में जमा करना होगा.

**कमेटी तय करेगी नाम**

वीसी द्वारा 8 अप्रैल को शुरू किए गए इस फंड में अब तक 8 लाख रुपए जमा हो चुके हैं. वीसी ने बताया कि स्टूडेंट्स के फॉर्म पर कमेटी की संस्तुति के बाद अनुमोदन देकर उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी. बड़ी संख्या में लोग सहायता राशि देने के लिए यूनिवर्सिटी में संपर्क कर रहे हैं. इसके लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं. एक नंबर फंड में दान देने के लिए और दूसरा स्टूडेंट्स के लिए है.

### फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (18 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एमए, एमएससी, बीएलएड फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमएसी जूलॉजी फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 25 से 2 मई तक होंगे. एमए एजुकेशन न्यू कोर्स फर्स्ट सेमेस्टर 22 अप्रैल से 2 मई तक, एमए एजुकेशन ओल्ड कोर्स फर्स्ट सेमेस्टर 25 से 27 अप्रैल तक, एमए एजुकेशन बैक पेपर 25 से 27 अप्रैल तक, एमएड न्यू कोर्स फर्स्ट सेमेस्टर 22 अप्रैल से 2 मई तक, एमएड ओल्ड कोर्स फर्स्ट सेमेस्टर 22 से 29 अप्रैल तक, बीएलएड फर्स्ट सेमेस्टर 23 से 29 अप्रैल तक, बीएलएड फर्स्ट ईयर 23 से 2 अप्रैल तक, बीएलएड सेकेंड इयर 25 से 29 अप्रैल तक, बीएलएड थर्ड इयर 26 से 30 अप्रैल तक, बीएलएड फोर्थ ईयर के एग्जाम 25 से 29 अप्रैल तक होंगे. विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : एमएड की 22 से, बीएलएड की 23 से परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम**

लखनऊ। लविवि ने ने सोमवार को कई पीजी कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके अनुसार एमएससी जूलॉजी पहले सेमेस्टर की नियमित, पूर्व छात्र, छूटे छात्रों की परीक्षा 25 अप्रैल से दो मई तक सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। एमए एजुकेशन न्यू कोर्स पहले सेमेस्टर की परीक्षा 22 अप्रैल से दो मई तक, एमए एजुकेशन ओल्ड कोर्स पहले सेमेस्टर बैक पेपर, इंप्रूवमेंट, छूटे छात्रों की परीक्षा 25 व 27 अप्रैल को होगी।

एमएड न्यू कोर्स पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 अप्रैल से दो मई तक, एमएड ओल्ड कोर्स पहले सेमेस्टर बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व छूटे छात्रों की परीक्षा 22 से 29 अप्रैल तक होंगी। बीएलएड पहले सेमेस्टर की परीक्षा 23 से 29 अप्रैल तक, बीएलएड फर्स्ट ईयर की परीक्षा 23 अप्रैल से दो मई तक, बीएलएड सेकेंड ईयर की परीक्षा 25 से 29 अप्रैल, बीएलएड थर्ड ईयर की परीक्षा 26 से 30 अप्रैल, बीएलएड चौथे वर्ष की परीक्षा 25 से 29 अप्रैल तक सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी।

**लापरवाही : परीक्षा से ठीक पहले जारी किया प्रवेशपत्र**

लविवि में परीक्षा विभाग की लापरवाही का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। विवि में सोमवार को दूसरी मीटिंग में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक एमलिब की परीक्षा का आयोजन होना था। इसके प्रवेशपत्र सुबह मिल पाए। वहीं, मंगलवार से एमकॉम की परीक्षाओं के प्रवेशपत्र शाम को जारी हुए।

**पीजी परीक्षा में तीन नकलची पकड़े :** लविवि में सोमवार से पीजी के मुख्य विषयों की परीक्षाएं शुरू हुईं। पहली पाली में रजिस्टर्ड 14190 विद्यार्थियों में से 1174 अनुपस्थित रहे। वहीं, शाम की पाली में रजिस्टर्ड 1655 में से 169 अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पहली पाली में दो और दूसरी पाली में एक विद्यार्थी को नकल करते पकड़ा गया।

### लविवि : वीसी केयर फंड के आवेदन फॉर्म जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में हाल ही में शुरू किए गए वीसी केयर फंड के लिए छात्रों से लिए जाने वाले आवेदन फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। छात्रों को आवेदनपत्र के साथ फीस रसीद, अंकपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि, किसी अन्य स्रोत से वित्तीय सहयोग प्राप्त न होने का स्वघोषित प्रमाणपत्र तथा प्रॉक्टर कार्यालय से प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र भी देना होगा।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वीसी केयर फंड के पहले चरण में छात्रों को वित्तीय सहयोग देने के लिए आवेदनपत्र लविवि ने छात्र कल्याण की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया है। विद्यार्थी आवेदनपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। अभी आवेदन जमा करने की कोई अंतिम तिथि नहीं रखी गई है।

**एक सत्र में 50 हजार तक की मिलेगी सहायता**

आवेदनपत्रों को रोलिंग आधार पर नियमित तौर पर स्वीकार किया जाएगा। बता दें कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नौ अप्रैल को इस योजना की शुरुआत की गई थी। इसके तहत चयनित जरूरतमंद छात्रों को एक सत्र में अधिकतम 50 हजार रुपये की मदद की जाएगी। वीसी केयर फंड को पूर्व छात्रों के साथ ही समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लवि : वीसी केयर फंड के लिए आवेदन फार्म जारी

जासं, लखनऊ : आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी को 50 हजार रुपये तक की सुविधा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने वीसी केयर फंड की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय ने सोमवार को इसके आवेदन फार्म जारी कर दिए। विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण पूनम टंडन ने बताया कि पहले दिन नौ-10 विद्यार्थियों ने सादे कागज पर आवेदन किया है। विद्यार्थियों को आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आठ अप्रैल को वीसी केयर फंड की शुरुआत की थी। इस फंड में चार लाख रुपये से ज्यादा की धनराशि जमा हो चुकी है। कमेटी की संस्तुति के बाद उस पर वित्तीय मदद मुहैया कराई जाएगी।

हेल्पलाइन नंबर : विद्यार्थियों के लिए : 9140738239, दान दाताओं के लिए : 9415409735, ईमेल आइडी : dean_stuwelfare@lkouniv.ac.in

## JAGRAN CITY PAGE III

### लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को विभिन्न पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। एमए एजुकेशन नया पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर, पुराना पाठ्यक्रम, एमएड नया पाठ्यक्रम व पुराना पाठ्यक्रम, एमएससी जूलाजी प्रथम सेमेस्टर, बीएल एड प्रथम सेमेस्टर, बीएलएड प्रथम वर्ष, बीएलएड द्वितीय वर्ष, बीएलएड तृतीय वर्ष, बीएलएड चतुर्थ वर्ष का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है।

## NBT PAGE 4

### एलयू वीसी केयर फंड में आवेदन शुरू

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से शुरू किए गए वीसी केयर फंड के लिए छात्रों से आवेदन मांगे गए हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि आवेदन करने वाले छात्रों को आवेदन पत्र के साथ, फीस रसीद, अंकपत्रों की सेल्फ अटेस्टेड कॉपी के साथ किसी दूसरे स्रोत से वित्तीय सहयोग प्राप्त न होने का स्वघोषित प्रमाणपत्र और कुलानुशासक कार्यालय की ओर से प्रमाणित चरित्र प्रमाणपत्र लगाना होगा। जरूरतमंद छात्रों को वीसी केयर फंड के तहत अधिकतम 50 हजार रुपये तक की मदद की जाएगी। आवेदन पत्र एलयू छात्र कल्याण की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/article/en/vc-care पर उपलब्ध करा दिया गया है।

## HINDUSTAN PAGE 7

### एलयू: पीजी सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी, बीएलएड प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 अप्रैल से 2 मई तक होगी। एमए एजुकेशन न्यू कोर्स प्रथम सेमेस्टर 22 अप्रैल से 2 मई तक होगी। एमए एजुकेशन ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर 25 से 27 अप्रैल तक होगी। प्रवक्ता ने बताया कि विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड है। एमएससी जियोलाजी की परीक्षाएं 19 से 27 अप्रैल तक होंगी। वहीं एलयू ने वार्षिक परीक्षा के ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि तय कर दी है। 20 अप्रैल तक फार्म भरे जा सकेंगे।

## PIONEER PAGE 3

### लविविः वीसी केयर फंड के लिए आवेदन फार्म जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आर्थिक रूप** से कमजोर वर्ग के प्रत्येक छात्र को 50 हजार रुपए तक की सुविधा मुहैया कराने के मकसद से लखनऊ यूनिवर्सिटी ने वीसी केयर फंड की शुरूआत की है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने सोमवार को आवेदन फार्म जारी कर दिए हैं। आवेदन फार्म भरकर छात्रों को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय में जमा करना होगा। इसके अलावा इस संबंध में अन्य कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं।

डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि स्टूडेंट्स को आवेदन फार्म यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा। फार्म को भरकर अपने डीन व हेड के माध्यम से फारवर्ड करवाना होगा। इसके बाद आवेदन फार्म को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय में जमा करना होगा। बता दें कि विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आठ अप्रैल को वीसी केयर फंड की शुरूआत की थी। इस फंड में चार लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जमा हो चुकी है।

इस फंड के जरिए यूनिवर्सिटी आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट्स की मदद करेगी। कुलपति ने बताया कि सोमवार को वीसी केयर फंड के लिए आवेदन फार्म जारी कर दिया गया है। जरूरतमंद स्टूडेंट्स आवेदन फार्म भरकर जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि कमेटी की संस्तुति के बाद उस पर अनुमोदन देकर वित्तीय मदद मुहैया कराई जाएगी। वीसी केयर फंड के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी किए जा रहे हैं। एक नंबर फंड में दान दिए जाने के लिए और दूसरा नंबर स्टूडेंट्स के लिए होगा। यूनिवर्सिटी के इस कदम के शुरू किए जाने के बाद से जरूरतमंद स्टूडेंट्स को बड़ी राहत मिलेगी।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि की एमए, एमएससी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी, वीएलएड प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विवि प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने वताया कि एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 अप्रैल से दो मई तक होगी। एमए एजुकेशन न्यू कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 अप्रैल से दो मई तक होगी। एमए एजुकेशन ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक होगी। एमए एजुकेशन वैक पेपर की परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक होगी। एमएड न्यू कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 22 अप्रैल से दो मई तक एमएड ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 22 से 29 अप्रैल तक, वीएलएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 23 से 29 अप्रैल तक, वीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा 23 से 2 अप्रैल तक होगी। वीएलएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा 25 से 29 अप्रैल तक होगी। वीएलएड तृतीय वर्ष की परीक्षा 26 से 30 अप्रैल तक, वीएलएड चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 25 से 29 अप्रैल तक होगा। विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेवसाइट पर भी अपलोड है।

**लविवि में 20 तक भरे जा ऑनलाइन भरे जा सकेंगे वार्षिक परीक्षा फार्म :** लविवि ने वार्षिक परीक्षा-2022 के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की है। वीए, वीएससी, वीएससी होम साइंस, वीकाम (तृतीय वर्ष), वीएएमएस, वीयूएमएस, एमडी, वीवीए, वीएफए, एमवीए व वीएलएड वार्षिक परीक्षा-2022 परीक्षा फार्म वेवसाइट माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकेंगे।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### वीसी केयर फंड के लिए आवेदन फॉर्म जारी

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने वीसी केयर फंड के तहत छात्रों को सहायता राशि मुहैया कराने के लिए सोमवार को आवेदन फॉर्म जारी कर दिए। छात्र अपना आवेदन फॉर्म भरकर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय में जमा करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो . पूनम टंडन ने बताया कि छात्रों को आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा। बता दे कि अभी बीते दिनों कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने वीसी केयर फंड की व्यवस्था की शुरूआत कराई थी। इसके फॉर्म सोमवार को जारी किए गये हैं। कुलपति ने प्रोफेसर राय ने बताया कि इस फंड में चार लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जमा हो चुकी है। इस फंड के जरिए विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करेगा। उन्होंने बताया कि कमेटी की संस्तुति के बाद उस पर अनुमोदन देकर वित्तीय मदद मुहैया कराई जाएगी।

### एमए, एमएससी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी, बीएलएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमएसी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 से 2 मई तक होगी। एमए एजुकेशन न्यू कोर्स प्रथम सेमेस्टर 22 अप्रैल से 2 मई तक होगी। एमए एजुकेशन ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर 25 से 27 अप्रैल तक होगी। एमए एजुकेशन बैक पेपर 25 से 27 अप्रैल तक होगी। एमएड न्यू कोर्स प्रथम सेमेस्टर 22 अप्रैल से 2 मई तक होगी। एमएड ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर 22 से 29 अप्रैल तक होगी। बीएलएड प्रथम सेमेस्टर 23 से 29 अप्रैल तक होगी। बीएलएड प्रथम ईयर 23 से 2 अप्रैल तक होगी। बीएलएड द्वितीय वर्ष 25 से 29 अप्रैल तक होगी। बीएलएड तृतीय वर्ष 26 से 30 अप्रैल तक, बीएलएड चतुर्थ ईयर 25 से 29 अप्रैल तक आयोजित होगा। प्रवक्ता ने बताया कि विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

### छात्रों को ऑनलाइन जमा करना होगा परीक्षा शुल्क

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने के साथ–साथ परीक्षा शुल्क भी आनलाइन जमा करना होगा। परीक्षा फार्म भरने को 20 अप्रैल तक छात्रों के पास मौका है। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर विद्यानंद त्रिपाठी ने सोमवार को बातचीत में कहा कि जो छात्र समय से परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे वह परीक्षा से वंचित होंगे। बता दें कि बैक पेपर इंप्रूवमेंट इक्जेम्टेड विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरना है। इसमें बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीकाम (तृतीय वर्ष) एवं बीएएमएस, बीयूएमएस, एमडी, बीबीए, बीएफए, एमबीए एवं बीएलएड वार्षिक परीक्षा के छात्र–छात्रायें हैं।

### 44 केन्द्रों पर बीएड सेमेस्टर परीक्षा आज से

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 44 केन्द्रों पर मंगलवार 19 अप्रैल से शुरू हो जायेगी। परीक्षा शुरू होने के पहले सोमवार को प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने केन्द्रों की स्थिति का जायजा लिया। वही परीक्षा नियत्रंक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 44 केन्द्रों पर होगी। केन्द्रों पर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा शुरू होने 30 मिनट पहले केन्द्रों पर प्रश्नपत्र पहुंचाये जायेंगे।